पंजाब केसरी
26-10-2024

अंतर महाविद्यालय फैंसिंग प्रतियोगिता में छाए कॉलेज के छात्र

फैंसिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करके लौटे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय फैंसिंग प्रतियोगिता के दौरान जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलेज की टीम ने फॉइल इवैंट में दूसरा और सेबर इवैंट में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के 3 होनहार छात्रों ध्रुव, पीयूष और संजय ने भाग लिया। इन छात्रों में से ध्रुव ने व्यक्तिगत श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने भी विजेता टीम को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। डा. रोहित दत्त ने टीम के सभी खिलाड़ियों और उनके कोच विकास की मेहनत एवं समर्पण भावना को सराहा तथा उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कॉलेज के खेल विभाग के अध्यक्ष डा. बृजेश कुमार ने कहा कि छात्रों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है।